**SET-1**

**Series BVM/C**

कोड नं.
Code No. **61/1/1**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **14 + 1** मानचित्र हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **16** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **14** printed pages and **1** Map.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **16** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# इतिहास

# HISTORY

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 80*



collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

**सामान्य निर्देश :**

(i) **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं । प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने अंकित किए गए हैं ।

(ii) प्रश्न संख्या **1** से **3** **दो** अंकों वाले हैं, प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **30** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।

(iii) प्रश्न संख्या **4** से **9** **चार** अंकों वाले हैं, प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **100** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।

(iv) प्रश्न संख्या **10** से **12** **आठ** अंकों वाले हैं, प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **350** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।

(v) प्रश्न संख्या **13** से **15** स्रोत आधारित प्रश्न हैं ।

(vi) प्रश्न संख्या **16** मानचित्र सम्बन्धी प्रश्न है, जिसमें लक्षणों को पहचानना तथा महत्त्वपूर्ण परीक्षण मदों का स्थान दर्शाना शामिल है । मानचित्र को उत्तर-पुस्तिका के साथ नत्थी कीजिए ।

***General Instructions :***

*(i) Answer **all** the questions. Some questions have internal choice. Marks are indicated against each question.*

*(ii) Answers to questions no. **1** to **3** carrying **2** marks should not exceed **30** words each.*

*(iii) Answers to questions no. **4** to **9** carrying **4** marks should not exceed **100** words each.*

*(iv) Answers to questions no. **10** to **12** carrying **8** marks should not exceed **350** words each.*

*(v) Questions no. **13** to **15** are source based questions.*

*(vi) Question no. **16** is a Map question that includes identification and location of significant test items. Attach the map with the answer-book.*



collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

## खण्ड क

## PART A

### (अति लघु-उत्तरीय प्रश्न)

### (Very Short-Answer Type Questions) $2\times3=6$

**1.** द्वितीय शताब्दी ई.पू. में श्रेणियों द्वारा किए गए कार्यों का उल्लेख कीजिए । *2*

Mention the functions performed by shrenis (guilds) during second century BCE.

**2.** "भारतीय जाति व्यवस्था में सन्निहित सामाजिक अपवित्रता की अवधारणा प्रकृति के नियमों के विरुद्ध थी ।" अल-बिरुनी के इस कथन का विश्लेषण कीजिए । *2*

"The conception of social pollution intrinsic to the Indian Caste System was contrary to the laws of nature." Analyse the statement of Al-Biruni.

**3.** 1853 में हुई रेलवे की शुरुआत ने औपनिवेशिक शहरों की कायापलट किस प्रकार की ? दो बिन्दुओं की व्याख्या कीजिए । *2*

**अथवा**

उन्नीसवीं शताब्दी के आरंभिक दशकों में कलकत्ता में लॉटरी कमेटी ने नगर नियोजन का कार्य किस प्रकार किया ? स्पष्ट कीजिए । *1+1*

How did the introduction of Railways in 1853 change the fortunes of colonial towns ? Explain two points.

**OR**

How did the Lottery Committee carry out the work of town planning in Calcutta in the early decades of the nineteenth century ? Explain.



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

## खण्ड ख
## PART B
### (लघु-उत्तरीय प्रश्न)
### (Short-Answer Type Questions) *4×6=24*

**4.** मौर्य साम्राज्य के बाद की अवधि (2 सदी ई.पू. से 2 सदी ई. तक) में राजाओं द्वारा उच्च सामाजिक स्तर पाने के लिए किए गए विभिन्न तरीकों का वर्णन कीजिए । *4*

Describe the different ways in which kings in the post Mauryan period ($2^{nd}$ century c. B.C.E. – $2^{nd}$ century C.E.) attempted to claim a high social status.

**5.** "महाभारत इतिहासकारों के लिए प्रारंभिक समाजों की सामाजिक प्रथाओं और मानदंडों का अध्ययन करने के लिए एक महत्त्वपूर्ण स्रोत है ।" इस कथन को उपयुक्त उदाहरणों के साथ न्यायसंगत ठहराइए । *4*

**अथवा**

"ब्राह्मणीय ग्रंथों ने आरंभिक समाजों में संपत्ति पर स्त्री और पुरुष के भिन्न अधिकारों को सुदृढ़ किया ।" इस कथन का उदाहरणों सहित विश्लेषण कीजिए । *4*

"The Mahabharata is an invaluable source available to historians to study social practices and norms in Early Societies." Justify the statement with suitable examples.

**OR**

"Brahmanical texts reinforced gender access to property in the early societies." Analyse the statement with examples.

**6.** कृष्णदेव राय को विजयनगर साम्राज्य का सबसे महान राजा क्यों माना जाता है ? स्पष्ट कीजिए । *4*

Why is Krishnadeva Raya considered as the greatest ruler of the Vijayanagara Empire ? Explain.

**7.** सोलहवीं और सत्रहवीं सदियों में कृषि समाज में महत्त्वपूर्ण संसाधन के रूप में महिलाओं की भूमिका की परख कीजिए । *4*

Examine the role of women as an important resource in Agrarian Society in the sixteenth – seventeenth centuries.



collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

8. “1857 में सैन्य विद्रोह के ढर्रे में योजना और समन्वय का संकेत मिलता है ।” उपर्युक्त कथन को उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए । *4*

“The pattern of Mutinies by the Sepoys in 1857 suggest some sort of planning and coordination.” Explain the above statement with examples.

9. प्रारंभिक उन्नीसवीं शताब्दी में साहूकारों के विरोध में दक्कन रैयतों के क्रोध को उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए । *4*

**अथवा**

बंगाल में इस्तमरारी बंदोबस्त व्यवस्था में जोतदारों की भूमिका को उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए । *4*

Explain with examples how the Deccan Ryots showed their anger against the moneylenders in early nineteenth century.

**OR**

Explain with examples the role of Jotedars in the Permanent Settlement System in Bengal.

collegedunia India's largest Student Review Platform

## खण्ड ग
## PART C

**(दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न)**
**(Long-Answer Type Questions)** *8×3=24*

10. हड़प्पा संस्कृति के शहरी केन्द्रों की अनूठी विशेषताओं का वर्णन कीजिए । *8*

**अथवा**

हड़प्पा पुरातत्त्व में भारतीय पुरातात्त्विक सर्वेक्षण (ए.एस.आई.) द्वारा किए गए प्रमुख बदलावों का वर्णन कीजिए । *8*

Describe the unique features of the Urban Centres of the Harappa Civilization.

**OR**

Describe the major changes marked by the Archaeological Survey of India (ASI) in Harappan archaeology.



collegedunia India's largest Student Review Platform

**11.** गुरु नानक देव और संत कबीर के विचारों की निर्गुण भक्ति के संदर्भ में व्याख्या कीजिए । *4+4=8*

**अथवा**

चिश्तियों ने भारतीय भक्ति परंपराओं की अनेक विशेषताओं को समाहित करते हुए स्थानीय परिवेश में किस प्रकार सफलतापूर्वक ढाला ? स्पष्ट कीजिए । *8*

Explain the ideas of Guru Nanak Dev and Saint Kabir regarding Nirguna Bhakti.

**OR**

Explain how the Chishtis adapted successfully to the local environment integrating several features of Indian devotional traditions.

**12.** "बहुत सारे ऐसे स्रोत उपलब्ध हैं जिनके जरिए हम गाँधीजी के राजनीतिक सफर तथा राष्ट्रीय आंदोलन के इतिहास को सूत्रबद्ध कर सकते हैं ।" इस कथन को उपयुक्त उदाहरणों सहित न्यायसंगत ठहराइए । *8*

**अथवा**

"हिंसा और भारत के विभाजन की पीड़ा के तले, इंसानियत और सौहार्द का एक विशाल इतिहास दबा पड़ा है ।" उपयुक्त उदाहरणों के साथ इस कथन को न्यायसंगत ठहराइए । *8*

"There are many different kinds of sources from which we can reconstruct the political career of Gandhiji and the history of the nationalist movement." Justify the statement with suitable examples.

**OR**

"Buried under the violence and pain of the Partition of India is an enormous history of help, humanity and harmony." Justify the statement with suitable examples.



collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

## खण्ड घ
## PART D
## (स्रोत आधारित प्रश्न)
## (Source Based Questions)

*7×3=21*

**13.** निम्नलिखित उद्धरण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

**थेरीगाथा**

यह अनूठा बौद्ध ग्रंथ *सुत्त पिटक* का हिस्सा है, इसमें *भिक्खुनियों* द्वारा रचित छंदों का संकलन किया गया है । इससे महिलाओं के सामाजिक और आध्यात्मिक अनुभवों के बारे में अंतर्दृष्टि मिलती है । पुन्ना नाम की एक *दासी* अपने मालिक के घर के लिए प्रतिदिन सुबह नदी का पानी लाने जाती थी । वहाँ वह हर दिन एक ब्राह्मण को स्नान कर्म करते हुए देखती थी । एक दिन उसने ब्राह्मण से बात की । निम्नलिखित पद्य की रचना पुन्ना ने की थी जिसमें ब्राह्मण से उसकी बातचीत का वर्णन है :

मैं जल ले जाने वाली हूँ :
कितनी भी ठंड हो
मुझे पानी में उतरना ही है
सज़ा के डर से
या ऊँचे घरानों की स्त्रियों के कटु वाक्यों के डर से ।
हे ब्राह्मण तुम्हें किसका डर है,
जिससे तुम जल में उतरते हो
(जबकि) तुम्हारे अंग ठंड से काँप रहे हैं ?

ब्राह्मण बोले :
मैं बुराई को रोकने के लिए अच्छाई कर रहा हूँ;
बूढ़ा या बच्चा
जिसने भी कुछ बुरा किया हो
जल में स्नान करके मुक्त हो जाता है ।

पुन्ना ने कहा :
यह किसने कहा है
कि पानी में नहाने से बुराई से मुक्ति मिलती है ?...
वैसा हो तो सारे मेंढक और कछुए स्वर्ग जाएँगे


collegedunia India's largest Student Review Platform

साथ में पानी के साँप और मगरमच्छ भी !
इसके बदले में वे कर्म न करें
जिनका डर
आपको पानी की ओर खींचता है ।
हे ब्राह्मण, अब तो रुक जाओ !
अपने शरीर को ठंड से बचाओ...

(13.1) *सुत्त पिटक* ने 'दासी' की दशा का किस प्रकार वर्णन किया है ? 2

(13.2) उसके स्नान के अनुष्ठान के लिए ब्राह्मण की धारणा की परख कीजिए । 2

(13.3) इस बातचीत से पुन्ना के सामाजिक और आध्यात्मिक अनुभवों के बारे में अंतर्दृष्टि किस प्रकार मिलती है ? 3

Read the following excerpt carefully and answer the questions that follow :

**The Therigatha**

This unique Buddhist text, part of the *Sutta Pitaka,* is a collection of verses composed by *bhikkhunis.* It provides an insight into women's social and spiritual experiences. Punna, a *dasi* or slave woman, went to the river each morning to fetch water for her master's household. There she would daily see a Brahmana performing bathing rituals. One morning she spoke to him. The following are verses composed by Punna, recording her conversation with the Brahmana :

I am a water carrier :
Even in the cold
I have always gone down to the water
frightened of punishment
Or the angry words of high class women.
So what are you afraid of Brahmana,
That makes you go down to the water
(Though) your limbs shake with the bitter cold ?


collegedunia
India's largest Student Review Platform

The Brahmana replied :
I am doing good to prevent evil;
anyone young or old
who has done something bad
is freed by washing in water.

Punna said :
Whoever told you
You are freed from evil by washing in the water ?...
In that case all the frogs and turtles
Would go to heaven, and so would the water snakes
and crocodiles!
(Instead) Don't do that thing,
the fear of which
leads you to the water.
Stop now Brahmana!
Save your skin from the cold ...

(13.1) How has the *Sutta Pitaka* described the condition of the 'dasi' ?

(13.2) Examine the perception of the Brahmana for performing his bathing ritual.

(13.3) How did this conversation provide an insight into the social and spiritual experience of Punna ?

**14.** निम्नलिखित उद्धरण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

**दरबार में अभिजात**

अकबर के दरबार में ठहरा हुआ जेसुइट पादरी फादर एंटोनियो मॉन्सेरेट उल्लेख करता है :

सत्ता के बेधड़क उपयोग से उच्च अभिजातों को रोकने के लिए राजा उन्हें दरबार में बुलाता है और निरंकुश आदेश देता है जैसे कि वे उसके दास हों । इन आदेशों का पालन उन अभिजातों के उच्च ओहदे और हैसियत से मेल नहीं खाता था ।


collegedunia India's largest Student Review Platform

(14.1) राजा और उसके अभिजातों के बीच संबंधों पर फादर एंटोनियो की प्रतिक्रियाओं की व्याख्या कीजिए । 2

(14.2) शाही सेवा, धन और प्रतिष्ठा प्राप्त करने का रास्ता क्यों समझी जाती थी ? 2

(14.3) राजा अपने अभिजातों को सत्ता के बेधड़क उपयोग से किस प्रकार रोकता था ? 3

**अथवा**

निम्नलिखित उद्धरण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

**तसवीर की प्रशंसा में**

अबुल फ़ज़्ल चित्रकारी को बहुत सम्मान देता था :

> किसी भी चीज़ का उसके जैसा ही रेखांकन बनाना *तसवीर* कहलाता है । अपनी युवावस्था के एकदम शुरुआती दिनों से ही महामहिम ने इस कला में अपनी अभिरुचि व्यक्त की है । वे इसे अध्ययन और मनोरंजन दोनों का ही साधन मानते हुए इस कला को हर संभव प्रोत्साहन देते हैं । चित्रकारों की एक बड़ी संख्या इस कार्य में लगाई गई है । हर हफ़्ते शाही कार्यशाला के अनेक निरीक्षक और लिपिक बादशाह के सामने प्रत्येक कलाकार का कार्य प्रस्तुत करते हैं और महामहिम प्रदर्शित उत्कृष्टता के आधार पर ईनाम देते तथा कलाकारों के मासिक वेतन में वृद्धि करते हैं... अब सर्वाधिक उत्कृष्ट चित्रकार मिलने लगे हैं और बिहज़ाद जैसे चित्रकारों की अत्युत्तम कलाकृतियों को तो उन यूरोपीय चित्रकारों के उत्कृष्ट कार्यों के समकक्ष ही रखा जा सकता है जिन्होंने विश्व में व्यापक ख्याति अर्जित कर ली है । ब्योरे की सूक्ष्मता, परिपूर्णता और प्रस्तुतीकरण की निर्भीकता जो अब चित्रों में दिखाई पड़ती है, वह अतुलनीय है । यहाँ तक कि निर्जीव वस्तुएँ भी प्राणवान प्रतीत होती हैं । सौ से अधिक चित्रकार इस कला के प्रसिद्ध कलाकार हो गए हैं । हिंदू कलाकारों के लिए यह बात ख़ासतौर पर सही है । उनके चित्र वस्तुओं की हमारी परिकल्पना से कहीं परे हैं । वस्तुत: पूरे विश्व में कुछ लोग ही उनके समान पाए जा सकते हैं ।

(14.1) अबुल फ़ज़्ल ने यूरोपीय चित्रकारों के साथ मुग़ल चित्रकारों का वर्णन किस प्रकार किया ? 2

(14.2) सम्राट अपने चित्रकारों को किस प्रकार प्रोत्साहित और पुरस्कृत करता था ? 2

(14.3) "अबुल फ़ज़्ल चित्रकारी को बहुत सम्मान देता था ।" उदाहरणों सहित इस कथन को स्पष्ट कीजिए । 3



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

Read the following excerpt carefully and answer the questions that follow :

**Nobles at court**

The Jesuit priest Father Antonio Monserrate, resident at the court of Akbar, noticed :

> In order to prevent the great nobles becoming insolent through the unchallenged enjoyment of power, the King summons them to court and gives them imperious commands, as though they were his slaves. The obedience to these commands ill suits their exalted rank and dignity.

(14.1) Interpret the reactions of Father Antonio on the relations between the King and his nobles.

(14.2) Why were imperial services considered as a way of acquiring power and dignity ?

(14.3) How did the King prevent his nobles from becoming insolent ?

**OR**

Read the following excerpt carefully and answer the questions that follow :

**In praise of *taswir***

Abu'l Fazl held the art of painting in high esteem :

> Drawing the likeness of anything is called *taswir*. His Majesty from his earliest youth, has shown a great predilection for this art, and gives it every encouragement, as he looks upon it as a means of both study and amusement. A very large number of painters have been set to work. Each week, several supervisors and clerks of the imperial workshop submit before the emperor the work done by each artist, and His Majesty gives a reward and increases the monthly salaries of the artists according to the excellence displayed. ... Most excellent painters are now to



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

be found, and masterpieces, worthy of a Bihzad, may be placed at the side of the wonderful works of the European painters who have attained worldwide fame. The minuteness in detail, the general finish and the boldness of execution now observed in pictures are incomparable; even inanimate objects look as if they have life. More than a hundred painters have become famous masters of the art. This is especially true of the Hindu artists.

(14.1) How had Abu'l Fazl described Mughal painters at par with European painters ?

(14.2) How did the Emperor encourage and reward his painters ?

(14.3) "Abu'l Fazl held the art of painting in high esteem." Explain the statement with examples.

**15.** निम्नलिखित उद्धरण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

**राष्ट्रीय भाषा की क्या विशेषताएँ होनी चाहिए ?**

अपनी मृत्यु से कुछ माह पहले महात्मा गाँधी ने भाषा के प्रश्न पर अपने विचार दोहराते हुए कहा था :

यह हिंदुस्तानी न तो संस्कृतनिष्ठ हिंदी होनी चाहिए और न ही फ़ारसीनिष्ठ उर्दू । यह दोनों का सुंदर मिश्रण होना चाहिए । उसे विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं से शब्द खुलकर उधार लेने चाहिए । विदेशी भाषाओं के ऐसे शब्द लेने में कोई हर्ज नहीं है जो हमारी राष्ट्रीय भाषा में अच्छी तरह और आसानी से घुल-मिल सकते हैं । इस प्रकार हमारी राष्ट्रीय भाषा एक समृद्ध और शक्तिशाली भाषा होनी चाहिए जो मानवीय विचारों और भावनाओं के पूरे समुच्चय को अभिव्यक्ति दे सके । खुद को हिंदी या उर्दू से बाँध लेना देशभक्ति की भावना तथा समझदारी के विरुद्ध एक अपराध होगा ।

*हरिजनसेवक,* 12 अक्टूबर 1947

(15.1) गाँधीजी ने ऐसा क्यों सोचा था कि राष्ट्रीय भाषा हिंदुस्तानी होनी चाहिए ? *2*

(15.2) उनके विचारों को लागू क्यों नहीं किया जा सका ? *2*

(15.3) संविधान सभा की भाषा समिति ने भाषा की समस्या को किस प्रकार सुलझाया ? स्पष्ट कीजिए । *3*



collegedunia
India's largest Student Review Platform

Read the following excerpt carefully and answer the questions that follow :

**What should the qualities of a national language be ?**

A few months before his death Mahatma Gandhi reiterated his views on the language question :

> This Hindustani should be neither Sanskritised Hindi nor Persianised Urdu but a happy combination of both. It should also freely admit words wherever necessary from the different regional languages and also assimilate words from foreign languages, provided that they can mix well and easily with our national language. Thus our national language must develop into a rich and powerful instrument capable of expressing the whole gamut of human thought and feelings. To confine oneself to Hindi or Urdu would be a crime against intelligence and the spirit of patriotism. *Harijansevak,* 12 October 1947

(15.1) Why did Gandhiji think Hindustani should be the national language ?

(15.2) Why could his ideas not be implemented ?

(15.3) How was the language issue resolved by the Language Committee of the Constituent Assembly ? Explain.


collegedunia.com India's largest Student Review Platform

## खण्ड ङ

## PART E

**(मानचित्र प्रश्न / Map Question)** *3+2=5*

**16.** (16.1) **भारत** के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 15 पर), में तीन स्थलों को A, B और C के रूप में अंकित किया गया है, जो राष्ट्रीय आन्दोलन से सम्बन्धित हैं । उन्हें पहचानिए और उनके सही नाम उनके पास खींची गई रेखाओं पर लिखिए । *1×3=3*

(16.2) **भारत** के दिए गए इसी राजनीतिक रेखा-मानचित्र, में निम्नलिखित को उपयुक्त चिह्नों से दर्शाइए और उनके नाम लिखिए : *1×2=2*

(क) उज्जयिनी **या** मगध

(ख) आगरा **या** दिल्ली

(16.1) On the given political outline map of **India** (on page 15), three places have been marked as A, B and C, which are related to National Movement. Identify them and write their correct names on the lines drawn near them.

(16.2) On the same political outline map of **India**, locate and label the following appropriately :

(a) Ujjaini **or** Magadh

(b) Agra **or** Delhi

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्र. सं. 16 के स्थान पर हैं :*

***Note :*** *The following questions are for the **Visually Impaired Candidates** only in lieu of Q. No. 16 :*

(16.1) अशोक स्तम्भ के किन्हीं दो शिलालेख स्थलों के नाम लिखिए । *2*

**अथवा**

किन्हीं दो मुग़ल शहरों के नाम लिखिए । *2*

(16.2) गाँधीजी के प्रारंभिक सत्याग्रह आंदोलनों से जुड़े किन्हीं तीन स्थानों के नाम लिखिए । *3*

(16.1) Name any two Ashokan Pillar Inscriptions sites.

**OR**

Name any two Mughal cities.

(16.2) Name any three places connected to Gandhian Early Satyagraha movements.




collegedunia
India's largest Student Review Platform

प्रश्न सं. 16.1 और 16.2 के लिए

For question no. 16.1 and 16.2

## भारत का रेखा-मानचित्र (राजनीतिक)
## Outline Map of India (Political)







collegedunia.com
India's largest Student Review Platform